आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
एस. ए. 1 (2015 – 16)

**तिथि ः 18–9–15** **कक्षा सातवीं**

हिन्दी (सेट ए)

**समय ः 3 घंटा** **पूर्णांक ः 90**

---

*आवश्यक निर्देशः*

*1 कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं।*
*2 यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।*
*3 लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें ।*
*4 कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का कमांक अवश्य लिखें ।*

---

## खंड–क (पढ़ना)

प्रश्न1 **दिए गए गद्यांश व पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें ः**

मनुष्य का जीवन संघर्षों से भरा है। यदि जीवन में संघर्ष और असफलता न हो, तो सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति भी नहीं हो सकती। पराजय होने पर भाग्य को दोषी ठहराना, पतन की ओर ले जाताहै।यदि सच्ची लगन हो और असफलता के कारणों को ढूढ कर नए उत्साह के साथ ईमान्दारी से प्रयास जारी रखें, तो सफलता मिलना निश्चित है। कहा जाता है कि दृढ इच्छाशक्ति वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता। निरंतर संघर्ष करने वाला व्यक्ति ही पूरी तरह निखरता है और अंत में विजय प्राप्त करने में सफल होता है। दूसरी ओर मन से हार जाने वाला व्यक्ति आरंभ से ही गलत तर्क गढने लग जाता है और आलसी बनकर अपने भाग्य और जीवन को कोसता रहता है।

क) यदि जीवन में असफलता व संघर्ष न हो तो क्या होगा? **1**
ख) सच्ची लगन से कार्य करने पर क्या होता है? **1**
ग) कैसा व्यक्ति कभी असफल नहीं होता है और अंत में वह क्या प्राप्त करता है? **2**
घ) मन से हारने वाला व्यक्ति क्या करता है? **1**
ङ) गदयांश के अनुसार पतन की ओर कौन ले जाता है? **1**
च) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखें। **1**
छ) दो उपसर्ग युक्त शव्द लिखें। **2**
ज) पर्यायवाची शब्द लिखें ः हार, शुरू, प्रसन्न। **3**

प्रश्न2 सुमन! तरू के वृंत पर तुम
मुसकरा लो और दो दिन
झूम लो हंस लो, प्रणय के
गीत गा लो और दो दिन।

आज तुमको देख कर
है नाच उठती मुग्ध डाली
लहलहाती है लता सी
अति लज्जित लावण्य लाली
किंतु मत अभिमान करना
खेल है यह दो दिवस का
गूंथ देगा क्या पता
किस हार में कल क्रूर माली।

क) तरू के वृंत पर कौन मुस्कुरा रहा है? **1**
ख) कवि फूल से क्या करने को कह रहा है? **1**
ग) फूल को देखकर कौन मुग्ध हो रहा है? **1**
घ) कवि अभिमान न करने की सलाह क्यों दे रहा है? **2**
ङ) 'दिन' और 'पेड़' का पर्यायवाची कविता में से लिखें? **2**
च) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखें? **1**

## खंड–ख (भाषा)

प्रश्न**3** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें**

क) **'भर'** उपसर्ग से दो शब्द बनाएँ । **1**
ख) **'मूरख'** और **'जीभ'** शब्द का तत्सम रूप लिखें। **1**
ग) कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताएँ – **2**
**1**– वर्षा होने लगी।
**2**– रोहन ने अतिथि को माला पहनाई।

प्रश्न**4** **'अनीय'** प्रत्यय जोड़कर दो नवीन शब्द बनाएँ। **2**

प्रश्न**5** वाक्य शुद्ध करके पुनः लिखें– **कृपया मेरी सहायता करने की कृपा करें।** **1**

प्रश्न**6** निम्नलिखित वाक्य में उचित मुहावरा भरें– **2**
**1**–अचानक बिजली के आते ही मंदिर की सुंदरता में ..................गए।
**2**– **'खाक में मिलाना'** मुहावरे से वाक्य बनाएँ।

प्रश्न**7** नामधातु क्रिया किसे कहते हैं?उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें। **2**

प्रश्न**8** बिशेषण पहचानें व भेद भी लिखें– **2**
क) कक्षा में तीस छात्र हैं।
ख)मेहनती व्यक्ति ही सफल होते हैं।

प्रश्न**9** दो योगरूढ़ शब्द लिखें। **1**

प्रश्न**10** **उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखें–** **2**
हानि लाभ जीवन मरण यह सब विधाता के हाथ है

## खंड–ग (साहित्य)

**प्रश्न 11** **निम्नलिखित पंक्तियाँ पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें-**

यों तो एनीमिया बहुत कारणों से हो सकता है,किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है।इसके अलावा इस रोग का एक बड़ा कारण है पेट के कीड़ों का हो जाना।ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थो द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं।अतः इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ही ग्रहण करें।भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ पानी ही पिएँ।

**1**– एनीमिया का सबसे बड़ा कारण क्या है ? **2**
**2**– पेट में कीड़े कैसे हो जाते हैं? **1**
**3**– इनसे बचने के लिए क्या करना चाहिए? **1**
**4**– यह पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं। **1**

प्रश्न **12** हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन–किनकी प्रशंसा की है ? **1**

प्रश्न **13** खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा गया है? **2**

प्रश्न**14** खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी? **1**

प्रश्न **15** लेखक को अपनी दादीमाँ की याद के साथ–साथ बचपन की और किन–किन बातों की याद आ जाती है ? **2**

प्रश्न **16** मिठाई वाले में वे कौन से गुण थे कि बच्चों के साथ बड़े भी खिंचे चले आते थे? **1**

प्रश्न **17** **निम्नलिखित दोहे की पंक्तियाँ पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें–**

थोथे बादर क्वार के ,ज्यों रहीम घहरात।
धनी पुरूष निर्धन भए, करे पाछिली बात।

क– क्वार के बादल कैसे हैं? **1**
ख–धनी पुरूष निर्धन होने पर कौन–सी बात करते हैं? **1**
ग– पाठ का नाम लिखें। **1**

प्रश्न **18** पक्षी स्वतंत्र रहकर अपनी कौन–कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते थे ? **2.5×2=5**
प्रश्न**19** **विप्लव गायन** कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखें।
प्रश्न **20** सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है ?
प्रश्न **21** पक्षी को पिंजरे में कौन–कौन सी सुविधाएँ प्राप्त थीं?
प्रश्न **22** हिमालय की बेटियाँ पाठ में आई किन्हीं चार नदियों के नाम लिखें

प्रश्न 23 **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखें-**

प्रश्न24 देवव्रत कौन थे ? उनका नाम भीष्म कैसे पड़ा?

प्रश्न 25 एकलव्य किस प्रकार कुशल धनुर्धर बन गया ?

द्रौपदी के स्वयंवर की घटना का वर्णन करें।

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न 26 **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें-** 5

**1- दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रदूषण-** हमारा पर्यावरण, प्रदूषण के कारण,प्रदूषण के प्रकार,उसका दुष्प्रभाव , समस्या के लिए समाधान और सुझाव ।

**2- किसी मनपसंद धार्मिक त्योहार का वर्णन-** त्योहार का नाम , पसंद आने का कारण,मनाने का तरीका, सजावट , खाना-पीना व त्योहार से मिलने वाला संदेश।

प्रश्न 27 लंबी बिमारी के कारण आप अपनी हिंदी की परीक्षा नहीं दे पाए हैं पुनः परीक्षा लेने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना-पत्र लिखें। 5

**अथवा**

आपके मित्र की बड़ी बहन की स्वरचित कविता एक पत्रिका में छपी हुई है उसकी कविता की प्रशंसा करते हुए अपने मित्र (श्याम व शीला )को पत्र लिखें।

प्रश्न28 **'डायमंड कंपनी'** की घड़ी के लिए रंगीन ,आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। 5

प्रश्न 29 माता-पिता के आदर के बारे में दो सहेलियों की बातचीत को संवाद रूप में लिखें। 5

प्रश्न 30 **चित्र देखकर लगभग 30 -40 शब्दों में अपने विचार व्यक्त कीजिए-** 5

